संयम ◆ संस्कार ◆ संतुलन

R.N.I. No.-UPHIN/2004/22466

# शहर समता

वर्ष-21 अंक- 154
पृष्ठ 8
शुक्रवार
21 फरवरी 2025
प्रात: संस्करण
हिन्दी दैनिक
प्रयागराज
मूल्य- 1.00

प्रयागराज से प्रकाशित    Email : shaharsamta@gmail.com    Website : https://Shaharsamta.com    सम्पादक-उमेश चन्द्र श्रीवास्तव

विविध- क्या डार्क चाकलेट खाने से...
विचार- मुख्य निर्वाचन आयुक्त की जल्दबाजी...
खेल- जीत की हैट्रिक लगाने के इरादे से...

## योगी सरकार ने पेश किया 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ का बजट, छात्राओं को फ्री में मिलेगी स्कूटी



लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2025–26 के लिए बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025–26 के लिए राज्य के बजट का आकार 8,08,736 लाख रुपये, जो पिछले बजट से 9.8 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने बताया कि राज्य के वित्त वर्ष 2025–26 बजट में 22 प्रतिशत राशि अवस्थापना विकास के लिए, शिक्षा के लिए 13 प्रतिशत, कृषि व संबद्ध सेवाओं के लिए 11 प्रतिशत, चिकित्सकीय एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र के लिए छह प्रतिशत, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों के लिए चार प्रतिशत राशि आवंटित की गई। यूपी के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के तहत कॉलेज जाने वाली मेधावी छात्राओं को स्कूटी उपलब्ध कराने के लिए 400 करोड़ रुपये के प्रावधान की घोषणा की। बजट में सरकार का मुख्य फोकस रिसर्च एंड डेवलपमेंट के साथ–साथ आईटी पर भी है। कन्या विवाह सहायता योजना के तहत पंजीकृत श्रमिकों की दो पुत्रियों को अंतर्जातीय विवाह करने पर 55,000 रुपये तथा अंतर्जातीय विवाह करने पर 61,000 रुपये देने का प्रावधान है। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 49.86 लाख स्मार्टफोन/टैबलेट दिए गए हैं। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना हेतु 225 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रस्तावित है। पीएम मित्र योजना के तहत टेक्सटाइल पार्क की स्थापना से संबंधित खर्च के लिए 300 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रस्तावित है। वित्त मंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य में हुए विकास का उल्लेख करते हुए की। उन्होंने महाकुंभ का जिक्र करते हुए इसे न केवल एक सांस्कृतिक तथा धार्मिक आयोजन बताया, बल्कि इसे भारत की प्राचीन आस्था व सांस्कृतिक अखंडता का प्रतीक करार दिया। खन्ना ने कहा कि वित्त वर्ष 2025–26 के लिए कुल बजट परिव्यय वित्त वर्ष 2025 के बजट परिव्यय से 9.8 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2024–25 के लिए राज्य के बजट का आकार 7,36,437 करोड़ रुपये था जिसमें 24,863.57 करोड़ रुपये की नई योजनाएं शामिल थीं। वित्त मंत्री ने 'आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स सिटी' के निर्माण और 'टेक्नोलॉजी रिसर्च ट्रान्सलेशन पार्क' की स्थापना की नई योजनाओं की भी घोषणा की। राज्य के बजट में विधानसभा के आधुनिकीकरण के साथ–साथ विद्यालयों तथा 'पॉलिटेक्निक' में स्मार्ट कक्षाओं और प्रयोगशालाओं के विकास का भी प्रावधान है। खन्ना ने बताया कि प्रदेश के 58 नगर निकायों को आदर्श स्मार्ट नगर निकाय के रूप में विकसित करने का काम जारी है। इसके लिए एक नगर निकाय के लिए 2.50 करोड़ रुपये यानी कुल 145 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रस्तावित किया गया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा प्रदेश के जिला मुख्यालयों में कामगारों/श्रमिकों के लिए शिविर बनाने की योजना पर काम किया जाएगा, जिसमें कैंटीन, पेयजल, स्नानघर व शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संभाला कार्यभार, कहा–**

## हम दिल्ली से किए गए एक-एक वादे को करेंगे पूरा

नयी दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को ऐतिहासिक रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण लेने के बाद अपराह्न दिल्ली सचिवालय में औपचारिक रूप से अपना कार्यभार संभाला। वह शाम को मंत्रिमंडल की पहली बैठक की अध्यक्षता करेंगी। श्रीमती गुप्ता आज अपराह्न तीन बजे औपचारिक रूप से कार्यभार संभालने के लिए दिल्ली सचिवालय पहुंची। इसके बाद में उनका शाम पांच बजे यमुना बाज़ार स्थित वासुदेव घाट में कार्यक्रम है। नये मंत्रिमंडल की पहली बैठक आज ही शाम सात बजे दिल्ली सचिवालय में बुलायी गयी है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में 27 साल के बाद भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आयी है। राजधानी के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आज आयोजित भव्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के शीर्ष नेताओं की



उपस्थिति में उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने श्रीमती गुप्ता और उनके सहयोगी मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। श्रीमती गुप्ता शालीमार बाग से भाजपा की विधायक चुनी गयी हैं। रेखा गुप्ता मंत्रिमंडल में सात मंत्रियों सर्वश्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह को शामिल किया गया है।

### विश्वास है, रेखा गुप्ता दिल्ली के विकास के लिए पूरी ताकत से काम करेंगी : मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास जताया है कि दिल्ली की नयी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अपने विस्तृत अनुभव के साथ केंद्र शासित प्रदेश के विकास के लिए पूरी शक्ति से काम करेंगी। श्री मोदी ने श्रीमती गुप्ता (50) को मुख्यमंत्री बनने की बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, "श्रीमती रेखा गुप्ता जी को दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई। वह जमीनी स्तर से उठकर आई हैं, कैंपस राजनीति, राज्य संगठन, नगर निगम प्रशासन में सक्रिय रहीं और अब विधायक के साथ–साथ मुख्यमंत्री भी हैं।

### बेरोजगारी और महंगाई देश में बड़ा मुद्दाः राहुल गांधी

नई दिल्ली, एजेंसी। लोकसभा में एलओपी और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आज अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली के दौरे पर हैं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि देश के सामने दो बड़े मुद्दे हैं। पहला है बेरोजगारी... दूसरा मुद्दा है महंगाई। हमें ऐसा भारत नहीं चाहिए जहां किसान के बेटे को कड़ी मेहनत करने और प्राइवेट यूनिवर्सिटी में लाखों रुपये देने के बाद भी रोजगार न मिल सके। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी और जीएसटी लागू करके छोटे व्यापारियों को बर्बाद कर दिया है।

### भाजपा सरकार दिल्ली को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ राजधानी बनाएगी : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर रेखा गुप्ता को बधाई दी और कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार राष्ट्रीय राजधानी को स्वच्छ, सुंदर और संपन्न बनाकर दुनिया की सर्वश्रेष्ठ राजधानी बनाएगी। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) की पूर्व अध्यक्ष और पहली बार विधायक निर्वाचित हुईं रेखा गुप्ता दिल्ली की नौवीं मुख्यमंत्री बन गईं। राष्ट्रीय राजधानी के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित एक भव्य समारोह में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली की जनता ने 'धोखे और वादाखिलाफी के राज' को समाप्त कर सेवा और समर्पण की पर्याय भाजपा को चुना है। उन्होंने कहा, "आज नवगठित भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर रेखा गुप्ता तथा अन्य सभी मंत्रियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।" उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली के वंचितों, महिलाओं, युवाओं और गरीबों के कल्याण के लिए विकसित दिल्ली का जो विजन बनाया है, वह आप सभी के कुशल नेतृत्व में निश्चित साकार होगा।

### राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता को खतरे में डाल रही सरकार : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि सरकार भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, संप्रभुता और अखंडता को खतरे में डाल रही है। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश से लगी सीमा के उस तरफ चीन की ओर से नये गांव बसाए जाने के दावे वाली खबर को लेकर सरकार पर निशाना साधा। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "नरेन्द्र मोदी जी, आप चीन के लिए 'लाल आंख' के बजाय 'लाल सलाम' की नीति अपना रहे हैं। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, भौगोलिक संप्रभुता और अखंडता सर्वोपरि है, मोदी सरकार इसे खतरे में डाल रही है।"



# तारा सुतारिया के साथ टाइम पास करते थे अदार जैन, अलेखा आडवाणी से शादी के बीच एक्ट्रेस पर किया कपूर खानदान के लड़ने से भद्दा कमेंट ?





रणबीर कपूर और करीना कपूर खान की बुआ रीमा जैन के छोटे बेटे अदार जैन अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड अलेखा आडवाणी से शादी करने जा रहे हैं। दोनों गुरुवार को हिंदू रीति–रिवाजों से शादी करने जा रहे हैं। उनकी शादी से पहले की रस्में धूमधाम से चल रही हैं। आपको बता दें कि कल शाम यानी 19 फरवरी को अदार जैन और अलेखा आडवाणी ने सितारों से सजी मेहंदी सेरेमनी का आयोजन किया। इस मौके पर करीना–करिश्मा से लेकर रणबीर–आलिया तक पूरा कपूर परिवार और दोस्त नजर आए। हालांकि, मेहंदी सेरेमनी से सामने आए एक इनसाइड वीडियो में अदार अलेखा के साथ अपनी लव स्टोरी के बारे में बात करते नजर आए। उन्होंने माना कि अलेखा के सामने अपनी फीलिंग्स जाहिर करने से पहले वह श्टाइम पासश रिलेशनशिप में थे। इससे लोगों को गुस्सा आ गया क्योंकि अलेखा से पहले वह बॉलीवुड एक्ट्रेस तारा सुतारिया को डेट कर रहे थे।

आदर जैन ने क्या कहा?

आदर जैन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है जिसमें वे अलेखा के प्रति अपने प्यार का इजहार करते नजर आ रहे हैं। जैन ने वीडियो में कहा मैंने हमेशा उससे प्यार किया है और मैं हमेशा उसके साथ रहना चाहता था। इसलिए उसने मुझे टाइम–पास के जरिए 20 साल के इस लंबे सफर पर भेजा। यह इंतजार सार्थक था क्योंकि मुझे इस खूबसूरत, सुंदर महिला से शादी करने का मौका मिला जो एक सपने की तरह दिखती थी। मैं तुमसे प्यार करता हूं, और यह इंतजार सार्थक था। यह रहस्य है, मैंने हमेशा उससे प्यार किया है... मैंने अपने जीवन के चार साल टाइम पास में बिताए हैं। लेकिन अब मैं तुम्हारे साथ हूं, बेबी।

सोशल मीडिया यूजर्स ने की प्रतिक्रिया

आदर के भाषण पर इंटरनेट पर यूजर्स की प्रतिक्रियाओं की भरमार है। जहां कई लोगों ने उनके बयान को बेहद ईमानदार पाया, वहीं कुछ लोग इसे टाइम पास कहने से हैरान थे और अन्य यूजर्स को बॉलीवुड अभिनेता के लिए बुरा लगा। एक यूजर ने लिखा, "इसका मतलब था कि तारा सुतारिया एक टाइम पास थीं वाह।" दूसरे ने लिखा, मुझे उनके लिए दुख हो रहा है। कितनी असंवेदनशील टिप्पणी है।

अदार जैन और अलेखा आडवाणी की पहले भी हो चुकी है शादी

आपको बता दें कि इससे पहले अदार जैन और अलेखा आडवाणी ने 12 जनवरी 2025 को गोवा में शादी की थी। अलेखा और अदार की शादी की कई तस्वीरें और वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। अदार ने शादी के लिए ग्रे सूट चुना था, वहीं अलेखा आडवाणी व्हाइट ऑफ शोल्डर गाउन में बेहद खूबसूरत दिख रही थीं और उन्होंने मैचिंग नेकलेस और ईयररिंग्स से अपने लुक को पूरा किया था।

अदार जैन और अलेखा आडवाणी ने साल 2023 में एक–दूसरे को प्रपोज किया

अदार जैन और अलेखा आडवाणी ने नवंबर 2023 में अपने रिश्ते को सार्वजनिक किया था, जब उन्होंने अपनी एक तस्वीर शेयर की थी और उन्हें अपने जीवन की रोशनी बताया था। इससे पहले वे करीना और सैफ अली खान द्वारा आयोजित दिवाली समारोह में एक साथ देखे गए थे। अलेखा ने 2023 में करीना की पार्टी में अदार के साथ अपनी पहली सार्वजनिक उपस्थिति दर्ज कराई। अनजान लोगों के लिए बता दें कि अलेखा वेल की संस्थापक हैं जो वेलनेस इवेंट, वर्कशॉप और इंटरेक्टिव सेशन आयोजित करती हैं।

अदार और तारा सुतारिया का रिश्ता

अलेखा आडवाणी से पहले अदार जैन तारा सुतारिया को डेट कर रहे थे। वे 2018 में करण जौहर की दिवाली पार्टी में मिले थे और 2020 में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपने रिश्ते को आधिकारिक बना दिया। तारा को अक्सर कपूर परिवार के साथ लंच करते देखा जाता था और कथित तौर पर दोनों के बीच रिश्ता बहुत मजबूत था और वे सगाई करने की योजना बना रहे थे लेकिन किसी कारण से उनका रिश्ता लंबे समय तक नहीं चला। इसके बाद अदार ने अलेखा को डेट करना शुरू कर दिया, जो तारा की भी करीबी दोस्त थीं।



## पत्नी इशिता की सेकेंड प्रेग्नेंसी पर वत्सल सेठ ने शेयर किया अपना पहला रिएक्शन, कहा–यह उन दिनों में से एक था जब वायु..

फिल्म और टीवी कपल वत्सल शेठ और इशिता दत्ता की खुशी इस समय सातवें आसमान पर हैं, क्योंकि यह जोड़ा दूसरी बार पेरेंट्स बनने जा रहा है। पहले से यह कपल एक बेटे के माता–पिता है और दोनों 2025 में अपने दूसरे बच्चे का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इसी बीच फादर–टू–बी वत्सल ने रिएक्शन बताया, जब उन्हें पहली बार अपनी पत्नी के दूसरी बार प्रेग्नेंट होने की खबर मिली थी। एक इंटरव्यू के दौरान वत्सल सेठ ने खुलासा किया कि यह एक आशीर्वाद था और इशिता की प्रेग्नेंसी एक सुखद आश्चर्य के रूप में आई। जब वत्सल को गर्भावस्था के बारे में पता चला, तो वे अपने चिड़चिड़े बेटे वायु को संभाल रहे थे। वत्सल को शुरू में नहीं पता था कि एक पिता के रूप में कैसे प्रतिक्रिया करनी है। यह उनके लिए बड़ी और खुशी की खबर थी। उनके शब्दों में– इशिता हमारे कमरे में आई और मुझे यह खबर सुनाई। मुझे याद है, यह उन दिनों में से एक था जब वायु बहुत चिड़चिड़ा था। हमने दुनिया को यह बताने से पहले कि हमारे परिवार का सबसे नया सदस्य जुलाई में आने वाला है, इस खबर को समझने के लिए समय लिया। वत्सल शेठ ने बताया कि वह और इशिता दूसरी गर्भावस्था को कैसे संभालेंगे। उन्होंने कहा, दूसरे बच्चे का आगमन उनके और इशिता के बेटे वायु के लिए एक बड़ा आश्चर्य होगा। एक पिता के रूप में मैं अपने बेटे और अपनी पत्नी की देखभाल करूंगा, जिन्हें खास ध्यान देने की आवश्यकता है। हम दोनों ने फैसला किया है कि एक बार बच्चा आ जाने के बाद, मैं वायु की देखभाल करूंगा, और इशिता हमारे नए दूत के साथ रहेगी। वत्सल ने उसी इंटरव्यू में यह भी बताया कि जब से उन्होंने अपने और इशिता के माता–पिता को यह खुशखबरी सुनाई है, तब से वे सातवें आसमान पर हैं। इशिता दत्ता ने वैलेंटाइन डे के मौके पर दो रोमांटिक तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वह वत्सल के प्यार में खोई हुई दिख रही थीं। उनके कैप्शन में लिखा–तुम्हें जानने के 9 साल, तुम्हें प्यार करने के 8 साल, हमने जो 1 छोटा सा प्यार बनाया... और जल्द ही, हमारे दिल फिर से बड़े हो जाएंगे। एक वैलेंटाइन पोस्ट तो बनता है।

## हम भाषा या संस्कृति के तौर पर अलग हो सकते हैं, मगर धर्म के रूप में एक हैं : पवन कल्याण



सनातन आस्था के परम पवित्र पर्वों में सर्वोपरि महाकुंभ–2025 आस्था, भक्ति, शांति, मुक्ति, पुण्य प्राप्ति के साथ ही कई मायनों में विशिष्ट महाआयोजन बन गया है। यही कारण है कि प्रतिदिन दिग्गजों का प्रयागराज मेला क्षेत्र में तांता लगा ही रहता है, जो त्रिवेणी संगम में स्नान कर और तीर्थराज प्रयागराज की सकारात्मकता को आत्मसात कर अभिभूत हो जाते हैं। ऐसी ही अनुभूति मंगलवार को साउथ फिल्म इंडस्ट्री के पावर स्टार के रूप में प्रख्यात प्रसिद्ध एक्टर, जनसेना पार्टी के सुप्रीमो तथा आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम पवन कल्याण को भी हुई, जिन्होंने त्रिवेणी संगम में स्नान कर खुद का जीवन धन्य माना। महाकुंभ को मानवीय एकता का महान अवसर करार देते हुए पवन कल्याण ने कहा कि हम भाषा या संस्कृति के तौर पर अलग हो सकते हैं, मगर हमारा धर्म एक है। हम सनातनी हैं और हर सनातनी के लिए महाकुंभ सबसे बड़ा क्षण होता है। पवन कल्याण ने महाकुंभ में योगी सरकार की व्यवस्थाओं की तारीफ करते हुए सीएम योगी को शुभकामनाएं भी दी। महाकुंभ के अवसर पर त्रिवेणी संगम में स्नान कर अभिभूत दिखे पवन कल्याण ने कहा कि मैंने 16–17 वर्ष की उम्र में एक बार एक योगी की आत्मकथा पढ़ी थी, तभी से कुंभ को लेकर मेरे मन में एक सहज आकर्षण था। वैसे तो मैं यहां पहले भी आया हूं, मगर महाकुंभ के अवसर पर स्नान करना पिछले कई दशकों से मेरी सबसे बड़ी इच्छा रही, जो आज जाकर पूरी हुई। उन्होंने कहा कि महाकुंभ एक महाआयोजन है, कल्पना कीजिए देश की आधी से ज्यादा हिंदू आबादी यहां आकर स्नान कर रही है। यह सनातनी आस्था का विश्वास ही है जो कि शताब्दियों से इस महाआयोजन के रूप में अनवरत जारी है। हमारी विरासत की तथा सनातन धर्म की महानता है कि इस प्रकार का वृहद और शांतिपूर्ण आयोजन जनविश्वास के आधार पर इतनी भव्यता और दिव्यता के साथ होता रहा है। महाकुंभ के महात्म के बारे में पवन कल्याण ने कहा कि यह सनातन धर्म के सबसे बड़े क्षणों में शुमार है। यह एक ऐसा क्षण है, जब ऋषि, मुनि, योगी, सिद्धों समेत सभी सकारात्मक शक्तियों का समागम होता है। यह वह क्षण है, जब आप दिव्य अनुभूतियों को अनुभव कर सकते हैं। निश्चित तौर पर, यह जीवनपर्यंत स्मृतियों में कैद हो जाने वाला क्षण है। धर्म की विभिन्न परंपराओं, शैलियों, पद्धतियों और मान्यताओं को मानने वालों का मिलन होता है, जो अपने आप में एक सुखद अनुभूति है। उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा एक ही है और महाकुंभ एक ऐसा क्षण होता है, जब आप यहां आकर भारत की आत्मा को अनुभव कर सकते हैं। महाकुंभ में व्यापक स्तर पर हुई व्यवस्थाओं को लेकर उन्होंने सीएम योगी और स्थानीय प्रशासन की सराहना करते हुए शुभकामनाएं भी दी।



## मुगल वर्क लहंगा और क्रिस्टल से सजा ब्लाउज.. दुल्हनिया बनीं उर्फी जावेद,हार से लेकर माथा पट्टी पहन लगीं शाही राजघराने की महारानी

बिग बॉस ओटीटी फेम उर्फी जावेद अपने यूनिक फैशन सेंस को लेकर चर्चा में रहती हैं। उर्फी तार, बोरी, फूल या लाइट से कपड़े बना कर सबको हैरान कर देती है। इसी बीच उर्फी ने अपना ऐसा लुक दिखाया जिसे देख हर किसी के होश उड़ गए। इस लुक में वह किसी राजघराने की राजकुमारी से कम नहीं लगी। सामने आई तस्वीरों में उर्फी दुल्हनिया बनी नजर आ रही हैं। गुलाबी लहंगे के साथ शाही गहने पहने उर्फी इतनी खूबसूरत लगीं कि उनके सामने बॉलीवुड की अच्छी– अच्छी हीरोइन के ब्राइडल लुक भी फीके पड़ जाए। ये ब्राइडल लुक उनके नूर को भी चार चांद लगा गया। लुक की बात करें तो उर्फी ने डिजाइनर रिम्पल और हरप्रीत का ब्राइडल लहंगा विएर किया है। गुलाबी रंग वाले इस लहंगे को ट्रेडिशनल के साथ कंटेंपरेरी टच दिया। लहंगे को मोटिफ्स के साथ ही मुगल इनलेय वर्क के साथ सजाया गया है, यानी कि इस पर स्टोन वर्क टेक्नीक का इस्तेमाल हुआ है।इसे पच्चिकरी या पर्चिनकारी के नाम से भी जाना जाता है। इसके साथ सुनहरा क्रिस्टल से सजा ब्लाउज पूरे लुक में और भी ग्रेस ला रहा है। उर्फी के दो दुपट्टे पेयर किए हैं। साइड दुपट्टे को उन्होंने ओपन करके टकइन किया तो दूसरे को सिर पर ओढ़ा जिसका हाथी की डिजाइन वाला बॉर्डर और उसमें लगी लटकन कमाल की लगी। उनके हार से लेकर माथा पट्टी, हाथफूल, नथ और झुमकों तक सबकुछ परफेक्ट लगा।

# सिकंदर का नया पोस्टर आउट, स्वैग में नजर आए सलमान खान






ईद पर सिनेमाघरों में आ रही सलमान खान स्टारर फिल्म सिकंदर का नया पोस्टर निर्माताओं ने जारी कर दिया है। इसमें अभिनेता लाल और हरे रंग की लाइटिंग के बीच स्वैग में नजर आए। नए पोस्टर में सलमान के नए लुक की झलक देखने को मिल रही है। क्लोजअप पोस्टर में वह एंग्री अंदाज में दिखाई दिए। पोस्टर को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, "सिकंदर ईद पर आ रहा है।" 'सिकंदर' के साथ सलमान खान एक साल से अधिक समय के बाद बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रहे हैं। इससे पहले जानकारी आई थी कि 'सिकंदर' के साथ अक्षय कुमार की कॉमेडी फिल्म 'हाउसफुल 5' का ट्रेलर भी रिलीज होगा। निर्माता सलमान खान के 'सिकंदर' का टीजर बीते साल दिसंबर में जारी कर चुके हैं, जिसमें अभिनेता धमाकेदार एक्शन से भरे अंदाज में नजर आए। लगभग दो मिनट के टीजर की शुरुआत में सलमान बंदूकों से भरे एक हॉल में प्रवेश करते नजर आते हैं। हॉल में हल्की रोशनी सुपरस्टार की पीठ पर पड़ती है। इसके बाद कवच पहने कुछ हमलावर उनके पास आते हैं और हमला करने की सोचते हैं। इस पर सलमान कहते हैं, "सुना है बहुत सारे लोग मेरे पीछे पड़े हैं। बस मेरे मुड़ने की देर है।" "सिकंदर' का निर्देशन ए.आर. मुरुगादॉस ने किया है। मुरुगादॉस 'गजनी' जैसी फिल्म का निर्माण कर चुके हैं। 'सिकंदर' में सलमान खान के साथ रश्मिका मंदाना लीड रोल में हैं।'सिकंदर' में सलमान खान और साजिद नाडियाडवाला 2014 की ब्लॉकबस्टर 'किक' के बाद एक बार फिर से साथ काम कर रहे हैं। निर्माताओं ने हाल ही में जानकारी दी थी कि 'सिकंदर' के साथ 'हाउसफुल 5' का ट्रेलर भी जारी होगा। 'सिकंदर' और 'हाउसफुल 5' दोनों ही फिल्मों का निर्माण साजिद नाडियाडवाला ने किया है। सिकंदर इस साल ईद पर रिलीज होगी।




जब बात शरीर के संपूर्ण स्वास्थ्य की आती है तो उसमें हड्डियों का मजबूत होना भी बहुत जरुरी माना जाता है। जैसे–जैसे उम्र बढ़ती है इस बात को लेकर और भी एक्टिव होने की जरुरत होती है। हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए एक बैलेंस्ड डाइट लेना जरुरी है जिसमें कैल्शियम, विटामिन डी, मैग्नीशियम और हड्डियों को मजबूत बनाने वाले कुछ अन्य पोषक तत्व शामिल हों। इससे हड्डियों के नुकसान को रोकने और ऑस्टियोपोरोसिस का जोखिम कम करने में मदद मिलती है। तो चलिए आज अपने इस आर्टिकल के जरिए आपको कुछ ऐसे फूड्स बताते हैं जो आपकी हड्डियां मजबूत बनाने में मदद करेंगे। आइए जानते हैं।

मेवे और सीड्स

बादाम, तिल के बीज, चिया के बीज और अन्य नट्स जैसी चीजें आप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। इनमें कैल्शियम, मैग्नीशियम जैसे कई सारे आवश्यक पोषक तत्व मौजूद होते हैं। एक शोध में यह बात साबित हुई है कि नियमित रुप से नट्स और बीजों का सेवन करने से हड्डियों को पोषक तत्व मिलता है जिससे हड्डियां मजबूत होती हैं और फ्रेक्चर का खतरा भी कम होता है।

हरी पत्तेदार सब्जियां

केला, पालक, कोलार्ड ग्रीन्स और ब्रोकली जैसी हरी सब्जियों में भी कैल्शियम, विटामिन के और मैग्नीशियम भरपूर मात्रा में होता है।आपको बता दें कि विटामिन ज्ञ हड्डियों के स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है ऐसे में इसका सेवन करने से फ्रेक्चर का जोखिम कम करने में मदद मिलती है।

फोर्टिफाइड फूड्स

संतरे का रस, अनाज और टोफू जैसे कई सारे खाद्य पदार्थ कैल्शियम और विटामिन–डी से भरपूर माने जाते हैं। इनका सेवन करने से हड्डियां स्वस्थ और मजबूत बनाए रखने में मदद मिलती है। विटामिन–डी और कैल्शियम वाले पदार्थों का सेवन करने से बच्चों की हड्डियों के स्वास्थ्य में सुधार होता है।

डेयरी प्रोडक्ट्स

दूध, पनीर और दही कैल्शियम के लिए सबसे अच्छा स्रोत माना जाता है। इसमें मौजूद खनिज मजबूत हड्डियों के निर्माण और देखभाल के लिए आवश्यक है। शोध के अनुसार नियमित रुप से डेयरी उत्पादों का सेवन करने से फ्रेक्चर और ऑस्टियोपोरोसिस के खतरे को कम किया जा सकता है। वहीं अधिक सैचुरेटेड फैट के सेवन से बचने के लिए कम फैट वाले दूध को चुन सकते हैं।

बीन्स और फलियां

बीन्स और फलियां जैसे छोले, दाल और बीन्स में भी कैल्शियम, मैग्नीशियम और अन्य पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं।यह सारे पोषक तत्व हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। एक शोध ा की मानें तो बीन्स और फलियों का नियमितसेवन करने से हड्डियों के घनत्व में सुधार होता है और फ्रेक्चर का खतरा कम हो सकता है।

फैटी मछली

सैल्मन, टूना और सार्डिन जैसी फैटी मछलियां भी विटामिन–डी का बहुत अच्छा स्त्रोत मानी जाती हैं। यह शरीर में कैल्शियम इकट्ठा करके हड्डियों का निर्माण करने में मदद करती हैं। नियमित तौर पर फैटी फिश का सेवन करने से ऑस्टियोपोरोसिस और फ्रेक्चर का खतरा कम हो सकता है।

अंडे

अंडे भी विटामिन डी का अच्छा स्रोत माना जाता है। यह हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए बेहद जरुरी माने जाते हैं। इसके अलावा अंडे प्रोटीन का भी बहुत अच्छा स्त्रोत माना जाता है। हड्डियों को मजबूत करने से और उन्हें मजबूत बनाए रखने के लिए अंडा जरुरी है।




डॉर्क चॉकलेट ऐसी चॉकलेट है जिसमें बाकी चॉकलेट्स के मुकाबले कोको ज्यादा होता है, इसके अलावा इसमें चीनी कम होती है। यह आमतौर पर मिल्क चॉकलेट की तुलना में ज्यादा फायदेमंद और कम मीठी होतत है। स्वास्थ्य के हिसाब से भी यह बेहद फायदेमंद मानी जाती है। इसका सेवन सीमित मात्रा में ही करना सही माना जाता है। शोध में किए गए अध्ययनों से पता चलता है कि इस चॉकलेट में कुछ ऐसे गुण पाए जाते हैं जो मस्तिष्क की कार्यप्रणाली को सुधारते हैं। इसके अलावा भी इस चॉकलेट को खाने के कई फायदे हैं। आज चॉकलेट डे मनाया जा रहा है ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए आपको आज डॉर्क चॉकलेट खाने के फायदे बताते हैं।

डिप्रेशन होगा दूर

आज के समय में लोग किसी न किसी तनाव से गुजर रहे हैं। लगातार तनाव में रहने के कारण डिप्रेशन भी हो सकता है। डिप्रेशन में मूड में बदलाव, उदास रहना, गुस्सा आना और चिड़चिड़ापन जैसे लक्षण दिखते हैं। ऐसे में डिप्रेशन दूर करने के लिए डॉर्क चॉकलेट बेहद फायदेमंद हो सकती है। एक शोध के अनुसार, तीन दिन तक जिन लोगों ने डॉर्क चॉकलेट का सेवन किया उनमें डिप्रेशन के लक्षण काफी हद तक कम हुए हैं।

कोलेस्ट्रॉल करेगी कंट्रोल

बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने के लिए भी डॉर्क चॉकलेट बेहद लाभकारी होती है। एनसीबीआई वेबसाइट के मुताबिक, अलग–अलग शोधों से यह पता चलता है कि लो फैट डाइट के साथ प्लांट स्टेरोल्स और कोको फ्लैवेनॉल्स से भरपूर डॉर्क चॉकलेट का इस्तेमाल करने से कोलेस्ट्रॉल में कमी हो सकती है। साथ ही इसके प्रयोग से हृदय स्वास्थ्य और ब्लड प्रेशर में भी सुधार होता है।

हार्ट के लिए फायदेमंद

संतुलित मात्रा में डॉर्क चॉकलेट खाना भी हार्ट के लिए बेहद फायदेमंद हो सकता है। डॉर्क चॉकलेट में एपिप्टिन, कैटेचिन और प्रोसीएनिडिन्स जैसे फ्लेवनॉल पाए जाते हैं इनमें एंटीहाइपरटेन्सिव, एंटीप्लेटलेट, एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीइंफ्लेमेटरी प्रभाव होते हैं जो दिल को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

हाई ब्लड प्रेशर रहेगा कंट्रोल

यदि आपको बीपी की समस्या है तो भी डॉर्क चॉकलेट बेहद फायदेमंद हो सकता है। एनसीबीआई के अनुसार, यह बात सामने आई है कि डॉर्क चॉकलेट में एंटीहाइपरटेन्सिव प्रभाव पाया जाता है जिसके कारण से सीमित मात्रा में इसका सेवन करने से हाई बीपी में कमी हो सकती है।

सर्दी–जुकाम से बचाव

बदलते मौसम में जुकाम बहुत जल्दी होता है ऐसे में इस समस्या से बचने के लिए भी डॉर्क चॉकलेट बेहद लाभकारी मानी जाती है। इसमें थियोब्रामोइन नाम का रासायनिक पदार्थ पाया जाता है। यह पदार्थ श्वसन तंत्र से जुड़ी परेशानियों से निजात दिलवाने में मदद करता हैं। श्वसन तंत्र से जुड़ी परेशानियों की बात करें तो उनमें सर्दी–जुकाम भी शामिल है।




सर्दियों में रोजाना मखाना का सेवन शरीर को कई तरह से फायदा पहुंचाता है। लेकिन इसका कब, कितना और कैसे सेवन करना चाहिए, इसके बारे में जानकारी होनी चाहिए। बता दें कि यह एक हेल्दी स्नैक्स है।

सर्दियों में भूख लगने पर लोग जंक फूड और फास्ट फूड का सेवन करते हैं। लेकिन इसकी जगह पर आप मखाने का सेवन कर सकते हैं। बता दें कि मखाने में एंटी–ऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाया जाता है। साथ ही यह एक हेल्दी स्नैक्स है। इसलिए रोजाना इसका सेवन स्वास्थ्य के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। लेकिन इसका कब, कितना और कैसे सेवन करना चाहिए, इसके बारे में जानकारी होनी चाहिए। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि सर्दियों में किस तरह से मखाना खाना चाहिए और यह किस तरह से हमें फायदा पहुंचाता है।

सर्दियों में ऐसे करें मखाना का सेवन

मखाने के तासीर गर्म होती है। इसलिए सर्दियों में इसका सेवन फायदेमंद माना जाता है। लेकिन इसकी मात्रा का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। सर्दियों के मौसम में प्रतिदिन 30 ग्राम मखाने का सेवन करने से हड्डियां मजबूत रहती हैं। इसके सेवन से आपको सर्दी–जुकाम और इंफेक्शन नहीं होता है। सर्दियों में न्यूट्रिशनल वैल्यू बढ़ाने के लिए मखाना घी में भूनकर खाना अधिक लाभकारी होता है।

दूध के साथ मखाना

बहुत सारे लोग व्रत में दूध और मखाने का सेवन करते हैं। दूध और मखाना दोनों का कॉम्बिनेशन शरीर को ताकत देने का काम करता है। मखाने में प्रोटीन, मैग्नीशियम, कैल्शियम, आयरन, फैट और फॉस्फोरस जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। वहीं दूध में प्रोटीन, विटामिन डी और कैल्शियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसके सेवन से लंबे समय तक पेट भरा रहता है। यह कैल्शियम का बेहतरीन स्त्रोत है। यह किडनी और दिन दोनों के लिए फायदेमंद होता है।

व्रत में मखाना का सेवन

कई लोग व्रत में मखाने का सेवन करते हैं। बता दें कि मखाने खाने से कई फायदे होते हैं। इसमें फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है। जिससे कि आपका पेट लंबे समय तक भरा रहता है। साथ ही इसके सेवन से शरीर को एनर्जी प्राप्त होती है और कमजोरी नहीं लगती है। मखाना खाने से कब्ज और पाचन संबंधी समस्याएं भी दूर होती हैं।

पाचन होगा दुरुस्त

मखाना के सेवन से न सिर्फ सेहत बल्कि पाचन भी सही रहता है। मखाने के सेवन से शरीर में मौजूद विषैले तत्व बाहर निकल जाते हैं। रोजाना मखाने का सेवन करने से शरीर से विषाक्त तत्व बाहर निकल जाते हैं। साथ ही इससे किडनी स्वस्थ रहती है।

अच्छी और गहरी नींद

आपको बता दें कि मखाने के सेवन से सेहत और स्वाद दोनों मिलता है। जिन लोगों को नींद न आने की समस्या होती है और रात में सोने से पहले दूध में मखाने भिगोकर उनका सेवन करना चाहिए। इसके अलावा आप डेट्स और मखाना को पानी में भिगोकर भी इसका सेवन करते हैं। रोजाना इसको खाने से आपको कुछ ही दिनों में साफ फर्क नजर आने लगेगा।

वेट लॉस में सहायक

वेट लॉस करने के लिए मखाने का सेवन करना चाहिए। मखाने में भरपूर मात्रा में फाइबर पाया जाता है। इससे आपका पेट लंबे समय तक भरा हुआ महसूस होता है। इससे आप ओवरइटिंग से बत जाते हैं। जिससे आप आसानी से वेट लॉस कर सकते हैं।

ग्लूटेन फ्री है मखाना

कई लोगों को ग्लूटेन से एलर्जी होती है। जिन लोगों को ग्लूटेन से एलर्जी होती हैं, उनके लिए गेंहू के आटे की रोटियां फायदेमंद नहीं होती है। ऐसे में इन लोगों को ऊर्जा और ताकत पाने के लिए रोजाना मखाने का सेवन करना चाहिए।

मखाना खाने के फायदे

मखाने के सेवन से मेटाबॉलिज्म अच्छा रहता है और हड्डियों में तकलीफ नहीं होती है। वहीं एनीमिया रोगियों के लिए भी मखाने का सेवन फायदेमंद होता है।

महिलाओं को मखाना का सेवन जरूर करना चाहिए। स्किन के लिए यह फायदेमंद होता है, इसके सेवन से त्वचा लंबे समय तक जवान और ग्लोइंग बनी रहती है।

मखाने में ग्लाइसेमिल इंडेक्स अच्छा होता है। ऐसे में इसको डायबिटीज के रोगी भी खा सकते हैं।

यह शरीर से टॉक्सिन को बाहर निकालने में मदद करता है, इंफ्लेमेशन को कम करके के साथ ही इसमें मौजूद एंटी बैक्टीरियल प्रॉपर्टीज इंफेक्शन से बचाव करता है।

इसमें सैचुरेटेड फैट और सोडियम कम पाया जाता है। मखाने में भरपूर मात्रा में फाइबर पाया जाता है। यह कैंसर, डायबिटीज और हार्ट डिजीज के पेशेंट के लिए भी फायदेमंद है।



## संक्षिप्त



### मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन का कार्यकाल मार्च 2027 तक बढ़ा, सरकार ने दी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेसी। सरकार ने गुरुवार को मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंथा नागेश्वरन का कार्यकाल दो साल के लिए बढ़ाकर मार्च 2027 तक कर दिया। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने अनुबंध के आधार पर नागेश्वरन के कार्यकाल को 31 मार्च 2027 तक के लिए मंजूरी दे दी है। नागेश्वरन ने 28 जनवरी, 2022 को सरकार द्वारा सीईए का पदभार ग्रहण किया था। सीईए का कार्यालय विभिन्न आर्थिक नीतियों पर सरकार को सलाह देने और केंद्रीय बजट से एक दिन पहले संसद में पेश किए जाने वाले आर्थिक सर्वेक्षण का मसौदा तैयार करता है। क्रेडिट सुइस ग्रुप एजी और जूलियस बेयर ग्रुप के पूर्व कार्यकारी और शिक्षाविद नागेश्वरन ने मुख्य आर्थिक सलाहकार के रूप में केवी सुब्रमण्यन का स्थान लिया था। नागेश्वरन के कार्यकाल का विस्तार आर्थिक सर्वेक्षण 2024–25 के कुछ सप्ताह बाद आया ही है। इस सर्वेक्षण में एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में नरमी के संकेत के बीच अगले वित्त वर्ष के लिए 6.3–6.8 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। सरकार के अग्रिम अनुमान के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। सीईए का पदभार संभालने से पहले नागेश्वरन ने एक लेखक, शिक्षक और सलाहकार के रूप में काम किया है। वह 2019 से 2021 तक प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अंशकालिक सदस्य भी रहे हैं। इसके अलावा, उन्होंने भारत और सिंगापुर में कई बिजनेस स्कूलों और प्रबंधन संस्थानों में पढ़ाया है और व्यापक रूप से लेख प्रकाशित किए हैं। नागेश्वरन के पास भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद से प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (एमबीए) की डिग्री है। उन्होंने विनिमय दरों के अनुभवजन्य व्यवहार पर अपने काम के लिए 1994 में मैसाचुसेट्स विश्वविद्यालय से वित्त में डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त की। वह आईएफएमआर ग्रेजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस के डीन और क्रेआ विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्रतिष्ठित विजिटिंग प्रोफेसर थे। नागेश्वरन ने सार्वजनिक नीति में अनुसंधान और शिक्षा के लिए एक स्वतंत्र केंद्र, तक्षशिला संस्थान की सह–स्थापना में मदद की तथा 2001 में आविष्कार समूह के पहले प्रभाव निवेश कोष को शुरू करने में मदद की।

### पंजाब नेशनल बैंक ने खुदरा ऋणों की ब्याज दरें 25 आधार अंक घटाई, रेपो रेट में कटौती के बाद लिया फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी। सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक ने खुदरा ऋणों की ब्याज दरें 25 आधार अंकों (बीपीएस) तक घटाने का एलान किया है। इन ऋणों में आवासीय और ऑटो लोन शामिल हैं। पीएनबी ने यह फैसला आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की ओर से रेपो रेट में 25 बीपीएस की कटौती के बाद लिया है।

होम, कार, शिक्षा और व्यक्तिगत ऋणों की ब्याज दरों में बदलाव

पीएनबी ने अपने एक बयान में कहा, षजिन उत्पादों के ब्याज दरों में रियायत दी गई है, उनमें होम लोन, कार लोन, शिक्षा और व्यक्तिगत ऋण शामिल हैं, ताकि ग्राहकों को वित्तपोषण




के विविधतापूर्ण विकल्प मिल सके। भारतीय रिजर्व बैंक ने पांच वर्षों के अंतराल के बाद इसी महीने 07 फरवरी को रेपो रेट में 25 आधार अंकों की कटौती कर इसे 6.50 प्रतिशत से घटाकर 6.25 प्रतिशत कर दिया है।

होम लोन की दर घटाकर 8.15% की गई

ब्याज दरों में कटौती के बाद, पीएनबी ने विभिन्न योजनाओं के तहत होम लोन की दर को संशोधित कर 8.15 प्रतिशत कर दिया है। बैंक ने कहा कि ग्राहक 31 मार्च, 2025 तक अग्रिम प्रसंस्करण शुल्क और दस्तावेज़ीकरण शुल्क की पूरी छूट का लाभ उठा सकते हैं। इसमें कहा गया है कि पारंपरिक आवास ऋण योजना में ब्याज दर 8.15 प्रतिशत प्रति वर्ष से शुरू होती है तथा मासिक किस्त 744 रुपये प्रति लाख है।

ऑटो लोन की ब्याज दर 8.50% से होगी शुरू

ऑटो लोन के बारे में कहा गया है कि नई और पुरानी दोनों कारों के वित्तपोषण के लिए ब्याज दर 8.50 प्रतिशत प्रति वर्ष से शुरू होती है और ईएमआई 1,240 रुपये प्रति लाख जितनी कम है। सतत गतिशीलता को बढ़ावा देने के लिए, पीएनबी 8.50 प्रतिशत प्रति वर्ष से शुरू होने वाली ब्याज दर में 0.05 प्रतिशत की रियायत और 1,240 रुपये प्रति लाख की शुरुआती ईएमआई की पेशकश कर रहा है। इसमें कहा गया है कि ग्राहक 120 महीने तक की लंबी पुनर्भुगतान अवधि का लाभ उठा सकते हैं और एक्स–शोरूम कीमत का 100 प्रतिशत वित्तपोषण का आनंद ले सकते हैं। शिक्षा ऋण के मामले में न्यूनतम कार्ड दर घटाकर 7.85 प्रतिशत प्रति वर्ष कर दी गई है।

ग्राहक डिजिटल प्रक्रिया के जरिए ले सकेंगे 20 लाख रुपये तक का पर्सनल लोन

ग्राहक निर्बाध डिजिटल प्रक्रिया के जरिए 20 लाख रुपये तक का व्यक्तिगत ऋण प्राप्त कर सकते हैं, जिससे शाखा में जाने या कागजी कार्रवाई की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। संशोधित दर 11.25 प्रतिशत से शुरू होगी। पीएनबी ने कहा कि नई दरें 10 फरवरी से प्रभावी होंगी। इस महीने की शुरुआत में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने आरबीआई की नीतिगत दर कटौती के अनुरूप आवास सहित खुदरा ऋणों पर ब्याज दर में 25 आधार अंकों की कटौती की थी।

# जीत की हैट्रिक लगाने के इरादे से उतरेगी आरसीबी, हरमनप्रीत की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस से होगा सामना

बंगलुरू, एजेंसी। स्मृति मंधाना की अगुआई वाली रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम शुक्रवार को अपने घरेलू मैदान पर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मुकाबले में मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी। गत चौंपियन आरसीबी ने अब तक इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन किया है और अपने दोनों मुकाबले जीते हैं। आरसीबी की नजरें अब मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने पर टिकी होगी।

आरसीबी ने सत्र की शानदार की है शुरुआत

आरसीबी ने डब्ल्यूपीएल के मौजूदा सत्र के पहले मैच में गुजरात जॉएंट्स के खिलाफ 200 से अधिक रन का लक्ष्य हासिल किया था और इसके बाद दिल्ली कैपिटल्स को भी आसानी से हराया था। स्मृति मंधाना की अगुआई वाली टीम के चार अंक हैं और वह अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज है। टूर्नामेंट में किसी भी अन्य टीम ने अभी तक अपने सभी मैच नहीं जीते हैं।

मंधाना पर होगी नजरें

आरसीबी की टीम को चिन्नास्वामी स्टेडियम में दर्शकों का अपार समर्थन मिलना तय है। इस मैच में सभी की निगाहें मंधाना पर टिकी रहेंगी जिन्होंने दिल्ली के खिलाफ पिछले मैच में 47 गेंद पर 81 रन की तूफानी पारी खेली थी। भारतीय टीम की उपकप्तान मंधाना इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रही हैं और मुंबई के गेंदबाजों को उन पर अंकुश लगाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे।

आरसीबी की तरफ से मंधाना के अलावा एलिसे पेरी, राघवी बिष्ट, ऋचा घोष और युवा कनिका आहूजा ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। आरसीबी हालांकि अपने गेंदबाजी विभाग को लेकर थोड़ा चिंतित होगा क्योंकि उसके गेंदबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। मुंबई की टीम बेहद मजबूत है और उसे हराना आसान नहीं होगा। पिछले मैच में दिल्ली






कैपिटल्स के खिलाफ नैट साइवर–ब्रंट की बेजोड़ बल्लेबाजी (59 गेंदों में 80 रन) और हरमनप्रीत के साथ उनकी 73 रन की साझेदारी के बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा था और अब हरमनप्रीत कौर की अगुम्ई वाली टीम दमदार वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध होगी।

दोनों टीमें इस प्रकार हैं–

मुंबई इंडियंस : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), नादिन डी क्लार्क, संस्कृति गुप्ता, साइका इशाक, शबनीम इस्माइल, जिन्तिमनी कलिता, जी कमलिनी, अमनदीप कौर, अमनजोत कौर, सत्यमूर्ति कीर्तन, अमेलिया केर, अक्षिता माहेश्वरी, हेले मैथ्यूज, सजीवन सजना, नट साइवर–ब्रंट, पारुनिका सिसौदिया, क्लो ट्राईटन।

रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरुः स्मृति मंधाना (कप्तान), कनिका आहूजा, एकता बिष्ट, चार्ली डीन, किम गार्थ, ऋचा घोष, हीदर ग्राहम, वीजे जोशिता, सब्बिनेनी मेघना, नुजहत परवीन, जाग्रवी पवार, एलिसे पेरी, राघवी बिस्ट, स्नेह राणा, प्रेमा रावत, रेणुका सिंह, जॉर्जिया वेयरहम, डैनी ब्याट–हॉज।

# क्या चौंपियंस ट्रॉफी से बाहर हुए फखर जमां ? महामुकाबले के लिए उनके बिना दुबई रवाना हुई पाकिस्तान टीम

दुबई, एजेंसी। पाकिस्तान क्रिकेट टीम कट्टर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ होने वाले चौंपियंस ट्रॉफी मुकाबले के लिए सलामी बल्लेबाज फखर जमां के बिना दुबई के लिए रवाना हो चुकी है। फखर को 19 फरवरी को कराची में न्यूजीलैंड के खिलाफ उद्घाटन मैच के दौरान चोट लग गई थी। फखर का चोटिल होना बड़ा झटका है, क्योंकि सैम अयूब पहले ही चोट की वजह से टूर्नामेंट से बाहर हैं। फखर ने काफी समय बाद पाकिस्तान टीम में वापसी की थी, लेकिन चोट की वजह से एक मैच के बाद ही उन पर टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है।

फखर की मांसपेशियों में खिंचाव

न्यूजीलैंड की पारी में फील्डिंग करते समय फखर की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और वह पारी के अधिकांश समय मैदान से दूर रहे थे। 34 वर्षीय फखर को मुकाबले के दौरान पहले ओवर में सीमा रेखा तक गेंद का पीछा करते समय चोट लग गई थी। वह दूसरी पारी में बल्लेबाजी की शुरुआत करने में सक्षम नहीं थे। इसकी वजह से पाकिस्तान टीम मैनेजमेंट को सऊद शकील को स्टॉप–गैप ओपनर के रूप में भेजने के लिए मजबूर होना पड़ा। फखर ने नंबर चार पर बल्लेबाजी करते हुए 41 गेंदों में 24 रन बनाए, लेकिन अपनी पारी के दौरान वह संघर्ष करते नजर आए।



न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 60 रन से हराया

पाकिस्तान न्यूजीलैंड के खिलाफ ओपनिंग मैच में 60 रनों से हार गया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) फखर जमां को लेकर कुछ घोषणा करेगी। फखर ने भारत में 2023 विश्व कप में खेलने के बाद चौंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान टीम में वापसी की थी। इस सलामी बल्लेबाज को घुटने की समस्या का लंबा इतिहास रहा है। अगर फखर अनफिट होते हैं तो पाकिस्तान सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक को टीम में शामिल कर सकता है।

विल यंग और टॉम लाथम ने जड़े शतक

पहले मैच की बात करें तो सलामी बल्लेबाज विल यंग और टॉम लाथम के शतकों की मदद से न्यूजीलैंड न पाकिस्तान को 60 रन से हरा दिया। यंग ने 113 गेंद में 107 रन बनाए, जबकि लैथम 118 रन पर नाबाद रहे जिसके दम पर न्यूजीलैंड ने 50 ओवर में पांच विकेट पर 320 रन बनाए। ग्लेन फिलिप्स ने कराची में खेले गए मैच में 39 गेंद में 61 रन बनाए।

बाबर और रिजवान रहे फ्लॉप

पाकिस्तान के शीर्षक्रम के बल्लेबाज बाबर आजम ( 90 गेंद में 64 रन ), मोहम्मद रिजवान (14 गेंद में तीन रन ) और सउद शकील (19 गेंद में छह रन) प्रभावित नहीं कर सके। मेजबान टीम 47.2 ओवर में 260 रन पर आउट हो गई। दो सप्ताह से कम समय में न्यूजीलैंड की पाकिस्तान पर यह तीसरी जीत है। कीवियों ने हाल ही में त्रिकोणीय सीरीज में पाकिस्तान को दो बार हराया था।







चर्चित कथाकार और शहर समता अखबार के संपादक श्री उमेश श्रीवास्तव जी का ग्रामीण पृष्ठभूमि पर लिखा बहु प्रतीक्षित







समूह के लोकप्रिय साहित्यकार श्री उमेश श्रीवास्तव जी का कहानी संग्रह इलाहाबाद मडुवाडीह पैसेंजर प्रकाशित हो गया है। उमेश श्रीवास्तव जी को बहुत बधाई एवम शुभकामना।







ठिगना भाई ठाढ़े भये (Thigna Bhai Thade Bhaye)

